बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ

# कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला–रायगढ़ (छ0ग0)

दूरभाष 07762–213868, ई–मेल raigarhcmho@gmail.com

क्र./एन.एच.एम./स्था./2021 5766 रायगढ़, दिनांक 23/07/21

## –: विज्ञापन :–

रायगढ़ जिले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत मिषन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, रायपुर का पत्र क्रमांक/एनएचएम/एचआर/2020/NS-1596/1635 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 30/12/2020 के द्वारा दिए गए निर्देष के परिपालन में, आर.ओ.पी. वित्तीय वर्ष 2021–22 में स्वीकृत नवीन एवं रिक्त हुए पदों के विरूद्व संविदा नियुक्ति हेतु निम्न तालिका में दर्शित रिक्त संविदा पदों पर **वॉक्–इन–इन्टव्यू** के माध्यम से आवदेन पत्र आमंत्रित कर **कौशल परीक्षा/लिखित परीक्षा/साक्षात्कार** आयोजित कर जिला आरक्षण रोस्टर अनुसार **दिनांक–10/08/2021 से 13/08/2021 तक विभिन्न तिथियों में पदवार निर्धारित शैक्षणिक योग्यताधारी अभ्यर्थियों को उपस्थित होने हेतु आमंत्रित किया जाता है, पदवार रिक्तियों का विवरण निम्नानुसार हैः–**

आवेदन पत्र प्राप्ति का प्रकार – निर्धारित प्रारूप में संलग्नकों के साथ **वॉक्–इन–इन्टरव्यू/कौशल परीक्षा** तिथि को ही उपस्थित होकर जमा किया जाना है।
पंजीयन हेतु निर्धारित समय – सुबह 09.00 बजे से दोपहर 11.00 बजे तक
पात्र/अपात्र सूची का प्रकाशन – दोप. 01.00 बजे तक
दावा आपत्ति हेतु निर्धारित समय – दोप. 2.00 बजे से 3.00 बजे तक
दावा आपत्ति का निराकरण – शाम 4.00 बजे से
वॉक्–इन–इन्टरव्यू/कौशल परीक्षा – दावा आपत्ति के निराकरण पश्चात् 4.30 बजे अथवा आवेदन संख्या अधिक होने पर आगामी तिथि को प्रातः 10.00 से 12.00 बजे तक कौशल परीक्षा ली जावेगी।

**स्थान – नगर निगम आडिटोरियम, पंजरीप्लांट, रायगढ़ छ.ग. (पद कमांक–1 से 14 तक)**
**स्थान– कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, रायगढ़ छ.ग. (पद कमांक–15 से 19 तक)**
**वॉक्–इन–इन्टरव्यू/कौशल परीक्षा हेतु रिक्तियों का विवरणः–**

| स. क्र. | पदनाम (नवीन पदनाम) | कुल पदों की संख्या | श्रेणीवार रिक्त पदों का विवरण | | | | मासिक मानदेय (रूपये) | अनिवार्य शैक्षणिक अर्हता | वॉक–इंन–इंटरव्यू तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अना | अपिव | अजा | अजजा | | | |
| 1 | Dental Assistant (DEIC) | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 14000 | 1. Diploma in Dental Technology from a recognized intitution(Reference will be given to candidates having at least 2 years post Qalification experience in related field) | 10.08.2021 |
| 2 | Laboratory Technicians (NHM) | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 14000 | D.M.L.T. Or B.M.L.T./Passed in Pathology Paramedical Course With Ragistration in C.G. Paramedical Council. | 10.08.2021 |
| 3 | OT Technician (FRUs) | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 14000 | OT Technician Paramedical Course & Live Registrastion in Chhattisgarh Paramedical Registration Council | 10.08.2021 |
| 4 | Technical Assistant - Optometrist (DEIC) | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 15000 | Diploma in Optometry form a Recognized Institution However. Candidates Having Masters/Bachelor Degree in Optometry will be given preference. | 10.08.2021 |
| 5 | Laboratory Technician- (NUHM) | 2 | 0 | 1 | 0 | 1 | 14000 | D.M.L.T. Or B.M.L.T./Passed in Pathology Paramedical Course With Ragistration in C.G. Paramedical Council. | 10.08.2021 |

दूरभाष 07762–213868, ई–मेल raigarhcmho@gmail.com

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | **Lab Supervisor-(NTEP)** | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 17500 | **1. Graduate. 2. Diploma in Medical Laboratory Technology or Equivalent from a govt recognized institution. 3. Permanent Two Wheeler Driving License & Should be able to drive two wheeler4. Certificate Course in Computer Operationes (Minimum two months) Desirable - One year experince in NTEP** | **10.08.2021** |
| 7 | **Ward Orderly(NMHP)** | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 8800 | मान्यता प्राप्त संस्थान से हायर सेकण्डरी उत्तीर्ण एवं अस्पताल में कार्य करने का 01 वर्ष का अनुभव | **11.08.2021** |
| 8 | **CLASS IV-(NUHM)** | 2 | 0 | 1 | 0 | 1 | 10000 | 8th Passed | **11.08.2021** |
| 9 | **Cook cum care taker- (NRC)** | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 8800 | 8th Passed | **11.08.2021** |
| 10 | **Medical Officer (MO-Ayush) Female (RBSK)** | 4 | 0 | 0 | 0 | 4 | 25000 | **BHMS/BAMS/BUMS Degree Registration from any GOI Recognised (BAMS/BHMS/BUMS) Ayush, Homeo, Unani Registration Board** | **12.08.2021** |
| 11 | **Medical Officer (MO-Ayush) male (RBSK)** | 5 | 0 | 0 | 0 | 5 | 25000 | **BHMS/BAMS/BUMS Degree Registration from any GOI Recognised (BAMS/BHMS/BUMS) Ayush, Homeo, Unani Registration Board** | **12.08.2021** |
| 12 | **Psychologist-Clinical (NMHP)** | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 31500 | 1– एम.फिल क्लिनिकल साईकोलॉजी, यदि योग्यता न होने की दशा में एम.एस.सी. साईकोलॉजी / एमएससी रिहैबिलिटेशन साईकोलॉजी / एमए साईकोलॉजी, रिहैबिलिटेशन काउंसिल ऑफ इंडिया से रजिस्टर्ड होना अनिवार्य है एवं 02 वर्ष मानसिक स्वास्थ्य अस्पताल अथवा क्लिनिक में कार्य करने का अनुभव<br>2– अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यता डिप्लोमा इन कम्यूनिटी मेंटल हेल्थ (क्लिनिकल साईकोलॉजी) को प्राथमिकता दी जावेगी। | **12.08.2021** |
| 13 | **Pharmacists-(NUHM)** | 2 | 0 | 1 | 0 | 1 | 16500 | Degree or Diploma in Pharmacy & Registration in Pharmacy registration Council | **12.08.2021** |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 14 | **ANM-(NUHM)** | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 12000 | 12th passed, ANM passed with INC affilited Training centre & Live Registration in Chhattisgarh Nurse Registration Council | **12.08.2021** |
| 15 | **Statistical Assistant – (NTEP)** | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 19000 | 1. Graduate in any discipline with Diploma in Computer application or equlvalent recognized by the council for Technical Education/DOEACC.<br>2. Typing Speed of 40 w.p.m. in English and Local Language<br>3. Should be well conversant with various computer programming including MS wod, Excel and Simple Statistical packages<br>Desirable-1. At least 1 year Experiance in related field | **13.08.2021** |
| 16 | **Secretarial Assistant-(NMHP)** | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 13500 | मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालय से स्नातक उपाधि के साथ मान्यता प्राप्त संस्थान से डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन | **13.08.2021** |
| 17 | **District Manager - Data (IDSP)** | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 21100 | B.Tech/BE in CS/IT/Electronics (Regular)<br>or<br>Post Graduation Qualification in Computer Science (Regular)<br>*Minimum 03 year experience preference will be given to those who have worked in health or social sector | **13.08.2021** |
| 18 | **Block Programme Manager-(NHM)** | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 26000 | MBA<br>OR<br>MSW with (Minimum 55%) + 1 year Computer Diploma (PGDCA) | **13.08.2021** |
| 19 | **Jr. Secretarial Assistant-(NUHM)** | 2 | 0 | 1 | 0 | 1 | 12000 | **12th Passed with at least 1 year Diploma in Computer Application** | **13.08.2021** |

बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ

# कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला–रायगढ़ (छ0ग0)

दूरभाष 07762–213868, ई–मेल raigarhcmho@gmail.com

## रिक्त पदों हेतु संविदा नियुक्ति के संबंध में अनिवार्य अर्हताएं/दिशा–निर्देश :–

(i) **आवेदन पत्र के संबंध में**

1. विज्ञापित पदों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है।
2. अभ्यर्थी का संबंधित कौंसिल में विज्ञापन जारी होने के पूर्व का जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है।
3. चयन प्रक्रिया–शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, साक्षात्कार/कौशल परीक्षा के आधार पर किया जावेगा।
4. शैक्षणिक योग्यता जिस संस्था से प्राप्त है उस संस्था का आवश्यकतानुसार यू.जी.सी., ए.आई.सी.टी.आई. एवं संबंधित कौंसिल से मान्यता प्राप्त होना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त अन्य संस्था अमान्य है(इस हेतु वेबसाईट https://www.ugc.ac.in का अवलोकन करें )।
5. 16500/–रूपये से कम एकीकृत वेतनमान वाले पदों हेतु जिले के मूल निवासी को प्राथमिकता दी जावेगी। जिले के मूल निवासी उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में अन्य जिले के अभ्यर्थियों का चयन किया जावेगा।
6. 16500/–रूपये से अधिक वेतनमान वाले पदों में प्रदेश के सभी जिलों के अभ्यर्थियों को समान अवसर दिया जावेगा।
7. आवेदकों को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य है, निवास प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र की मूल प्रति लाना अनिवार्य होगा।
8. **अनुभव प्रमाण पत्र (अंको की गणना हेतु) संबंधित पद के क्षेत्र में केवल शासकीय संस्था/उपकम/निगम मंडल का अनुभव ही मान्य होगा। निःशुल्क सेवा अथवा शासकीय निधि से भुगतान नहीं किये गये पदो के अनुभव मान्य नहीं किये जायेगें। अनुभव प्रमाण पत्र संबंधित पद का नियोक्ता अधिकारी द्वारा जारी नियुक्ति आदेश तथा वेतनमान की प्रति देना अनिवार्य होगा अन्यथा अनुभव का अंक अमान्य किया जावेगा।**
9. संबंधित पद के कार्य अनुभव हेतु (अन्य अभ्यर्थियों को) प्रति वर्ष के मान से 2 अंक अधिकतम 5 वर्ष हेतु (कुल 10 अंक) तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी को पद से संबंधित कार्य अनुभव हेतु प्रति वर्ष के मान से 3 अंक अधिकतम 5 वर्ष हेतु (कुल 15 अंक) दिया जावेगा।
10. अनुभव प्रमाण पत्र (आवेदित पद से संबंधित हो) केवल शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं वित्त पोषित संस्थाओं के ही अनुभव मान्य होंगे। पद से संबंधित अनुभव होने पर ही अभ्यर्थी को नियमानुसार अनुभव अंक प्रदान किये जायेंगे।
11. कौशल परीक्षा–20 अंक (पद के अनुरूप लिखित/कम्प्यूटर बेस्ड/साक्षात्कार आदि के स्वरूप में कौशल परीक्षा ली जावेगी।)
12. **संविदा नियुक्ति हेतु** अंतिम चयन सूची का निर्धारण शैक्षणिक योग्यता का 65%, अनुभव का 10/15 अंक, लिखित/कौशल/साक्षात्कार परीक्षा का 20 अंक के आधार पर कुल 100% अंक की गणना कर चयन समिति द्वारा अंतिम सूची तैयार किया जावेगा।
13. **संविदा नियुक्ति हेतु** अंतिम चयन सूची का निर्धारण में ए.एन.एम./जी.एन.एम./नर्सिंग प्रशिक्षण प्राप्त मितानिनों को अनुभव का अधिकतम 20 अंक के मान से प्रति वर्ष 04 अंक की गणना की जावेगी।
14. **संविदा नियुक्ति हेतु** अंतिम चयन सूची का निर्धारण में ए.एन.एम./जी.एन.एम./नर्सिंग प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थियों का शैक्षणिक योग्यता/कौशल परीक्षा/अनुभव के अंक कमशः 60/20/20 के अनुसार गणना की जावेगी।
15. अन्य अभ्यर्थियों (राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्यरत/अनुभव वाले आवेदकों को छोड़कर) हेतु अंतिम चयन सूची निम्नांकित आधार पर बनाई जावेगी।

- श्यैक्षणिक योग्यता में प्राप्ताकों का प्रतिषत का –60%/65% प्रतिशत अंक।
- कौशल परीक्षा/साक्षात्कार –20 अंक।
- अनुभव– 10/15 अंक (प्रत्येक वर्ष हेतु 02/03 अंक अधिकतम 5 वर्ष )

16. उम्मीदवार की आयु 01/01/2021 की स्थिति में न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 70 वर्ष (चिकित्सकीय पद) हेतु तथा 64 वर्ष (प्रबंधकीय पद) हेतु होनी चाहिये।
17. **संविदा नियुक्ति हेतु** भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने के लिए अभ्यर्थी को कोई यात्रा भत्ता या व्यय का भुगतान नहीं किया जावेगा।

18. संविदा मानदेय संविदा सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह एक मुश्त मानदेय देय होगा, इसके अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार का भत्ता/सुविधा देय नहीं होगा।
19. चयनित अभ्यर्थी को यात्रा भत्ता, वाहन व अन्य सुविधाएं मानव संसाधन नीति–वर्ष 2018 के अनुरूप पात्रता होगी।
20. संविदा भर्ती के संदर्भ में छ.ग. शासन द्वारा जारी समय–समय पर जारी अन्य निर्देश/आदेश/नियम यदा संशोधित लागू होंगे।
21. चयन प्रकिया के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि उम्मीद्वार द्वारा किसी भी प्रकार का दबाव डाला/डलवाया जा रहा है या निष्पक्ष चयन प्रकिया को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है, तो उनका आवेदन पत्र अमान्य कर दिया जावेगा तथा इस संबंध कोई भी दावा मान्य नही किया जावेगा।
22. ऐसे अभ्यर्थी जिनकी सेवा अनुशासनहीनता/वित्तीय अनियमितता/अनुचित व्यवहार के कारण राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन या अन्य किसी भी शासकीय विभाग द्वारा समाप्त की गई है चाहे वे किसी भी पद पर रहे हो उन्हे अपात्र उम्मीद्वारो की श्रेणी में रखा जायेगा।
23. संविदा सेवा अविध 31 मार्च, 2022 तक लिए होगी, कार्य मूल्यांकन संतोषजनक होने की स्थिति में उक्त सेवा अवधि की वृद्धि की जा सकती है।
24. **आवेदन शुल्क–अभ्यर्थी द्वारा नीचे दर्शाये अनुसार ''District Health Society,Raigarh- Non NRHM Fund" के नाम खाता क.–32210633404 में आवेदन शुल्क देय होगा। उक्त आवदेन शुल्क का भुगतान इंटरनेट बैंकिग/यूपीआई के माध्यम से देय होगा। अभ्यर्थी को आवेदन शुल्क भुगतान संबंधी पावती/रसीद की स्वच्छ/स्पष्ट स्वप्रमाणित प्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। अस्पष्ट–पावती/रसीद/बिना आवेदन शुल्क के आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा।**

| वर्ग | मानदेय प्रतिमाह <25000/- | मानदेय प्रतिमाह >25000/-(25000 से अधिक) |
|---|---|---|
| विकलांग/अ.जा./अ.ज.जा. | 100 | 200 |
| अन्य पिछड़ा वर्ग/महिला | 200 | 300 |
| अनारक्षित संवर्ग | 300 | 400 |

25. **लिखित/कौशल/साक्षात्कार/दक्षता परीक्षा हेतु –**

| क्र | कुल विज्ञापित पदों की संख्या | स्कीनिंग/साक्षात्कार लिये जाने हेतु अभ्यर्थियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | 1 से 10 | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 10 गुना |
| 2 | 11 से 50 | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 05 गुना |
| 3 | 50 से अधिक | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 03 गुना |

26. अपूर्ण (Incomplete)/अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों के संबंध में कोई सूचना नहीं दी जावेगी, ऐसे आवेदन पत्र तत्काल अमान्य कर दिये जायेंगे।
27. चयनित अभ्यर्थी द्वारा किसी समय विषेष में संस्थान को सेवा न देने/त्याग पत्र देने की स्थिति में एक माह पूर्व सूचना देना होगा अन्यथा उनके द्वारा एक माह का वेतन जमा किया जावेगा। ठीक इसी प्रकार विभाग/संस्थान को विषय विशेषज्ञ के सेवाओं की आवश्यकता न होने पर संबंधित को एक माह पूर्व सूचना/नोटिस अथवा एक माह का मानदेय देय होने उपरांत समाप्त की जा सकेगी अथवा त्याग पत्र स्वीकार की जा सकेगी।
28. नियमानुसार जिला आरक्षण रोस्टर का पालन किया जावेगा।
29. उक्त संविदा पद अस्थानान्तरणीय होगा तथा नियुक्ति आदेशानुसार पदस्थापना स्थल में उपस्थिति देना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय व पदस्थापना स्थल में अपनी उपस्थिति नहीं देने की स्थिति में चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति स्वतः समाप्त हो जावेगी।
30. विज्ञापन में विज्ञापित पद अनुरूप निर्धारित अर्हताधारी अभ्यर्थी के ही आवेदन स्वीकार किये जावेंगे।
31. चयन के संबंध में चयन समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ

# कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला–रायगढ़ (छ0ग0)

दूरभाष 07762–213868, ई–मेल raigarhcmho@gmail.com

32. उक्त पद के लिये प्रवर्गवार प्रतीक्षा सूची, जारी दिनांक से एक वर्ष तक अथवा नवीन भर्ती प्रक्रिया (जो पहले हो) संपन्न होने तक वैध रहेगी। इस समयावधि में स्वीकृत नए पद/त्यागपत्र अथवा किसी भी कारण से रिक्त होने वाले पदों को भी उक्त प्रतीक्षा सूची से भरा जा सकेगा।
33. भर्ती की प्रक्रिया के दौरान होने वाली किसी भी विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लेने का सर्वाधिकार जिला स्वास्थ्य समिति/चयन समिति को होगा। जो सभी आवेदकों को मान्य होगा।
34. आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में होना अनिवार्य है तथा आवेदन पत्र पर एक पासपोर्ट साईज का फोटो चस्पा करना अनिवार्य होगा एवं **फोटो व दस्तावेज स्वप्रमाणित होना अनिवार्य होगा।** विस्तृत जानकारी रायगढ़ जिले की वेबसाइट www.raigarh.gov.in में उपलब्ध है।

***1. (संविदा भर्ती के संदर्भ में आरक्षण व अन्य शर्तें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छ.ग. द्वारा जारी "मानव संसाधन नीति– वर्ष 2018" के सभी नियम व शर्तों के अनुसार लागू होंगे) एवं समय समय पर मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, रायपुर छ.ग. द्वारा जारी दिशा–निर्देश के अनुरूप होगें।***

1. साक्षात्कार के समय निम्न मूल अभिलेखों के साथ अभ्यर्थियों को उपस्थित होना अनिवार्य है–

1– 10 वीं अंकसूची (जन्म तिथि के प्रमाण पत्र हेतु)।
2– 12 वीं अंकसूची।
- संबंधित पद हेतु निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता की समस्त वर्षों की अंकसूची।
- संबंधित पद हेतु वांछनीय शैक्षणिक योग्यता की समस्त वर्षों की अंकसूची।

3– मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से प्राप्त स्नातक एवं स्नातकोत्तर उपाधि/प्रमाण पत्र।
4– अहर्तानुसार अनिवार्य तकनीकि शैक्षणिक योग्यता संबंधी डिग्री।
5– संबंधित कौंसिल/रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र।
6– सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति/निवास प्रमाण पत्र। (आवश्यकता होने पर उच्चस्तरीय छानबीन समिति द्वारा अभिप्रमाणित प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा)
7– छ.ग. एवं रायगढ़ जिला संबंधी मूल निवास प्रमाण पत्र।
8– पहचान–पत्र। (आधार कार्ड/वोटर आई. डी. कार्ड/पेन कार्ड/ड्राइविंग लायसेंस आदि जिसमें अभ्यर्थियों का नाम, पता, फोटो हो)
9– यदि दिव्यांग है तो (दिव्यांगता प्रमाण पत्र)
10– कार्य अनुभव प्रमाण पत्र एवं आदेश की प्रति।
11– अन्य संबंधित दस्तावेज/विशेष छूट हेतु प्रमाण पत्र।

**भर्ती के संबंध में सामान्य शर्तें एवं दिशा–निर्देश–**

1. मात्र आवेदन करने पर ही किसी का चयन सुनिश्चित नहीं होगा। अंतिम चयन सूची जारी करने के पूर्व मूल प्रमाण पत्रों/दस्तावेजों की जाँच की जाएगी, इसमें सही पाये जाने पर ही उनके चयन हेतु अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।
2. संविदा मानदेयः– संविदा सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह एक मुश्त मानदेय व अन्य राषि प्रावधानित आर.ओ. पी. अनुसार देय होगा, इसके अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार का भत्ता/सुविधा देय नहीं होगा।
3. उपरोक्त संविदा अवधि 31 मार्च, 2022 तक के लिए होगी कार्य मूल्यांकन संतोषजनक होने की स्थिति में उक्त सेवा अवधि की वृद्धि की जा सकती है।

बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ

# कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला–रायगढ़ (छ0ग0)

दूरभाष 07762–213868, ई–मेल raigarhcmho@gmail.com

4. विशेष आरक्षण अर्हता रखने वाले (विकलांग/भूतपूर्वसैनिक/महिला आरक्षण नियमानुसार होगी।) अभ्यर्थियों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी उससे संबंधित दस्तावेज संलग्न किये जाने होंगे। अन्यथा ऐसे अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र में प्रमाण पत्र संलग्न न होने की स्थिति में सामान्य श्रेणी में सम्मिलित किया जावेगा।
5. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के अभ्यर्थियों को स्थाई जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
6. ए.एन.एम. पद हेतु अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता ए.एन.एम. उत्तीर्ण अंकों के प्रतिशत के आधार पर गणना की जावेगी।
7. एक अभ्यर्थी द्वारा एक से अधिक पदों हेतु आवेदन करने पर पृथक–पृथक आवेदन पत्र प्रस्तुत करना तथा आवेदन शुल्क पृथक–पृथक जमा करना अनिवार्य होगा। अन्यथा ऐसे अभ्यर्थियों को अपात्र की श्रेणी में रखा जावेगा।
8. केवल ऑनलाईन के माध्यम से आवेदन शुल्क जमा किया जाना अनिवार्य होगा, डिमांड ड्राफ्ट या अन्य किसी माध्यम से जमा आवेदन शुल्क मान्य नहीं होगा।
9. आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में पूर्ण भरे, स्पष्ट आवेदन पत्र स्वीकार किये जावेगें, अस्पष्ट, अपूर्ण भरे आवेदन पत्र अस्वीकार कर दिये जावेगें।
10. एक आवेदक द्वारा एक से अधिक पदों हेतु आवेदन करने पर पृथक–पृथक आवेदन, आवेदन शुल्क तथा पृथक लिफाफे में आवेदन करना होगा। अन्यथा अपात्र श्रेणी में रखा जावेगा।
11. संविदा पर नियुक्त कर्मचारी का **Performance Apprisal** नियंत्रण अधिकारी द्वारा किया जावेगा।
12. विज्ञापन में विज्ञापित पद अनुरूप निर्धारित अर्हताधारी अभ्यर्थी के ही आवेदन स्वीकार किये जावेंगे।
13. आवेदित पद पर चयनित होने मात्र से नियुक्ति का अधिकार प्राप्त नहीं होगा। अंतिम रूप से नियुक्त रिक्त पदों की वास्तविक उपलब्धता तथा अन्य आव  यक प्रक्रिया/मापदण्डों पर निर्भर करेगी।
14. विस्तृत जानकारी रायगढ़ जिले की वेबसाइट www.raigarh.gov.in में उपलब्ध है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,
जिला रायगढ़ (छ.ग.)